साहित्य अकादेमी

स्वच्छता पखवाड़ा (16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2018)

वृक्षारोपण अभियान

19 अप्रैल 2018

साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज रवींद्र भवन परिसर में साहित्य अकादेमी के सचिव एवं अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिसर के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए, जिनमें मुख्यत: नीम, आम, नींबू, जामुन, चमेली, बेल, सेमल आदि के औषधीय एवं फूलदार पौधे शामिल थे।

अकादेमी के सचिव ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया कि परिसर में लगाए गए पौधों की देखभाल के साथ-साथ पूर्व में लगाए गए पौधों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए तभी सही मायने में वृक्षारोपण अभियान सफल माना जाएगा।